प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

विधानसभा चुनाव 2027- योगी ने अपने मंत्री-विधायकों को दिया बड़ा टास्क पेज- 2

www.newswani.in

पेज- 8 नशे में वाहन चलाने वालों पर शिकंजा, 38 वाहनों पर कार्रवाई

वर्ष : 15 अंक : 160 सोमवार 01 जून, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## सीबीएसई रिजल्ट विवाद पर छात्रों से मिले राहुल गांधी

### -'डीप स्टेट एजेंट' और 'पाकिस्तानी' कहे जाने पर उठाए सवाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ऑन–स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली और परीक्षा परिणामों से जुड़ी शिकायतों को लेकर कुछ छात्रों से मुलाकात की। इस मुलाकात का वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया, जिसमें कई छात्र अपने अनुभव और शिकायतें रखते नजर आए। वीडियो में कक्षा 12वीं के छात्र वेदांत भी दिखाई दिए, जिन्होंने अपनी उत्तर पुस्तिका और प्राप्त अंकों को लेकर सवाल उठाए। बातचीत के दौरान छात्रों ने दावा किया कि अपनी शिकायतें सार्वजनिक करने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर आलोचना और आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। मुलाकात का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने उन छात्रों से बातचीत की, जिन्होंने सीबीएसई की मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि ये छात्र अपने भविष्य और परीक्षा परिणामों से जुड़े मुद्दों पर जवाब चाहते थे। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में व्यंग्यात्मक अंदाज



में लिखा कि इन छात्रों को विभिन्न तरह के आरोपों का सामना करना पड़ा, जबकि वे केवल अपनी शैक्षणिक समस्याओं का समाधान चाहते थे। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को सवाल पूछने और अपनी बात रखने का अधिकार मिलना चाहिए। वीडियो में छात्र वेदांत ने दावा किया कि उन्हें अपने भौतिकी (फिजिक्स) के परीक्षा परिणाम को देखकर आश्चर्य हुआ। उनके अनुसार, परीक्षा अच्छी होने के बावजूद अपेक्षा से कम अंक मिले। इसके बाद उन्होंने उत्तर पुस्तिका की प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। वेदांत ने कहा कि जब उन्हें कॉपी की प्रति मिली तो उसमें दिखाई गई लिखावट उनकी अपनी लिखावट जैसी नहीं थी। इस वजह से उन्होंने मामले को सोशल मीडिया पर उठाया। उनके मुताबिक, इस विषय पर चर्चा होने के बाद कई लोगों ने उनका समर्थन किया और मामले की जांच की मांग की। बातचीत के दौरान कुछ अन्य छात्रों ने भी कहा कि शिकायत दर्ज कराने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार की टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। छात्रों का कहना था कि उनकी शैक्षणिक शिकायतों को राजनीतिक और वैचारिक मुद्दों से जोड़कर देखा गया। एक छात्र ने बताया कि उन्हें 'देश–विरोधी' और अन्य विशेषणों से संबोधित किया गया। इस पर राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छात्रों की शिकायतों का समाधान खोजने के बजाय उन्हें निशाना बनाना उचित नहीं है। वीडियो में एक छात्र ने कहा कि कुछ लोगों ने उन्हें 'डीप स्टेट एजेंट' तक कह दिया। इस पर राहुल गांधी ने हल्के–फुल्के अंदाज में प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि आखिर 'डीप स्टेट' का अर्थ क्या होता है। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी उत्तर पुस्तिकाओं और परीक्षा परिणामों से संबंधित सवाल उठा रहे थे, लेकिन चर्चा का केंद्र उनकी शिकायतें न होकर उन पर लगाए गए आरोप बन गए। राहुल गांधी ने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों की बात को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि परीक्षा परिणाम और मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्र को अपने परिणाम या उत्तर पुस्तिका को लेकर संदेह है, तो उसकी शिकायत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को अपनी बात रखने और सवाल पूछने का अवसर मिलना चाहिए, क्योंकि शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने के लिए जवाबदेही आवश्यक है। हाल के दिनों में सीबीएसई की ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली और कुछ छात्रों के परिणामों को लेकर सोशल मीडिया पर बहस देखने को मिली है। कई छात्रों ने मूल्यांकन प्रक्रिया में कथित त्रुटियों के आरोप लगाए हैं, जबकि संबंधित मामलों में तथ्यात्मक स्थिति की जांच और आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। राहुल गांधी की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब परीक्षा परिणामों की पारदर्शिता और मूल्यांकन प्रणाली को लेकर सार्वजनिक चर्चा जारी है। इस मुद्दे पर आगे क्या कदम उठाए जाते हैं, इस पर छात्रों और अभिभावकों की नजर बनी हुई है।

## प्रधानमंत्री की मन की बात में एथलीट्स का जलवा, राष्ट्रीय रिकॉर्डों की झड़ी!

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 134वें एपिसोड की



शुरुआत खेल और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से की। उन्होंने देशभर के एथलीट्स की उपलब्धियों की तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय एथलीट्स लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। पीएम मोदी ने हाल ही में झारखंड के रांची में आयोजित नेशनल सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का जिक्र किया। इस प्रतियोगिता में करीब 800 एथलीट्स ने भाग लिया, जिसमें चार अलग–अलग स्पर्धाओं में चार नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज किए गए।गुरिंदरवीर सिंह, विशाल टोके, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार ने अपनी–अपनी स्पर्धाओं में रिकॉर्ड अपने नाम किए। खासतपर 100 मीटर दौड़ की चर्चा पूरे देश में छाई रही। महज दो दिनों के अंदर पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन बार टूटा। गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर ने इस शानदार उपलब्धि पर मुहर लगाई। प्रधानमंत्री ने इन खिलाड़ियों के मेहनत, समर्पण और उभरते प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ये उपलब्धियां पूरे देश के लिए गर्व की बात हैं।

## पुलिस की कार्रवाई, मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गैंग का सहयोगी पकड़ा गया

(एजेंसी) नई दिल्ली। हिमांशु भाऊ गिरोह के 26 वर्षीय एक कथित सहयोगी को बाहरी दिल्ली में पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान बक्करवाला के रहने वाले आशीष उर्फ घ्ड्डॉन के रूप में हुई है, जो चार आपराधिक मामलों में वांछित था और काफी समय से फरार था। अधिकारी ने बताया, आरोपी की गतिविधियों के संबंध में मिली विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर काम कर रही एक टीम ने उसका पता लगाया और उसे रोका। अभियान के दौरान आरोपी और पुलिस टीम के बीच संक्षिप्त मुठभेड़ हुई, जिसके बाद उसे काबू में करके पकड़ लिया गया।ष पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से एक अवैध अर्ध–स्वचालित पिस्तौल और दो खोखे बरामद किए गए।

## अभिषेक बनर्जी पर हमले के मामले में छह गिरफ्तार, पुलिस ने रातभर चलाया सर्च अभियान

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले और दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। अभिषेक बनर्जी चुनाव के बाद शनिवार को हिंसा में मारे गए एक तृणमूल कार्यकर्ता के परिवार से मिलने सोनारपुर गए थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनका विरोध किया। प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उनके काफिले पर अंडे व ईंट के टुकड़े फेंके और नारे लगाए। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को मृतक कार्यकर्ता के घर तक पैदल जाते समय भी विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ प्रदर्शनकारियों ने उनके साथ धक्का–मुक्की की और सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी के बावजूद उन्हें मुक्का मारने की कोशिश भी की। घटना के बाद पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, सोनारपुर थाने की टीम ने रातभर इलाके में सर्च अभियान चलाया। हमले से जुड़े वीडियो फुटेज की भी जांच की गई। प्रारंभिक जांच में वीडियो फुटेज के आधार पर छह लोगों की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि सभी गिरफ्तार आरोपी स्थानीय निवासी हैं और घटना के समय मौके पर मौजूद थे। पुलिस अब गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस घटना में और कौन–कौन शामिल था। इलाके में पुलिस की गश्त भी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने कहा, शनिवार रात में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। रविवार सुबह तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच जारी है। घटना के बाद पुलिस की सुरक्षा में अभिषेक बनर्जी को इलाके से बाहर निकाला गया



और सबसे पहले कोलकाता के ईएम बाइपास पर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है। इसके बाद उन्हें मिंटो पार्क के पास स्थित दूसरे निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने यही राय दी कि भर्ती की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान ममता बनर्जी भी अस्पताल में अभिषेक के साथ मौजूद थीं। ममता बनर्जी ने इस घटना को लेकर भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, फिलहाल इलाज घर पर ही किया जाएगा। जितनी जरूरत होगी, सलाइन और ऑक्सीजन घर पर ही दी जाएगी। यदि आवश्यकता पड़ी तो अभिषेक को इलाज के लिए हैदराबाद ले जाया जाएगा।

## हिमाचल नगर निगम चुनाव 2026: 4 में से 3 निगमों पर भाजपा का कब्जा, पालमपुर में कांग्रेस ने बचाई साख

(एजेंसी) शिमला। हिमाचल प्रदेश के नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए चार में से तीन नगर निगमों में जीत दर्ज की है। मंडी, धर्मशाला और सोलन नगर निगमों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला, जबकि पालमपुर नगर निगम में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन कर सत्ता अपने नाम की। इन परिणामों को राज्य की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इन्हें आगामी विधानसभा चुनावों से पहले जनता के मूड का संकेत भी माना जा रहा है। मंडी नगर निगम में भाजपा ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यहां कुल 14 वार्डों में चुनाव हुए थे, जिनमें से 12 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। कांग्रेस को केवल एक सीट मिली, जबकि एक वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहा। मंडी के नतीजों ने भाजपा को बड़ी राजनीतिक बढ़त दी है। वहीं कांग्रेस के लिए यह परिणाम निराशाजनक माना जा रहा है, क्योंकि पार्टी यहां प्रभावी चुनौती पेश करने में सफल नहीं रही। धर्मशाला नगर निगम में कुल 17 वार्डों के लिए मतदान हुआ था। यहां भाजपा ने 11 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। कांग्रेस को पांच सीटों पर सफलता मिली, जबकि एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई। धर्मशाला के नतीजे बताते हैं कि भाजपा का संगठन और स्थानीय स्तर पर उसका जनाधार अभी भी मजबूत बना हुआ है। पार्टी ने यहां अपने चुनावी अभियान का लाभ उठाते हुए स्पष्ट बढ़त बनाई। सोलन नगर निगम में भी भाजपा ने बढ़त बनाए रखी। 17 वार्डों में हुए चुनाव में भाजपा ने 10 सीटें जीतीं। कांग्रेस छह सीटों पर विजयी रही, जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। सोलन में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला अपेक्षाकृत कड़ा रहा, लेकिन अंतिम परिणाम भाजपा के पक्ष में गया। इससे पार्टी को राज्य स्तर पर राजनीतिक मजबूती मिली है। चार नगर निगमों में से केवल पालमपुर में कांग्रेस को स्पष्ट सफलता मिली। यहां कुल 15 सीटों में से 11 पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। भाजपा को केवल चार सीटों से संतोष करना पड़ा। पालमपुर के नतीजों ने कांग्रेस को राहत दी है। पार्टी के लिए यह जीत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इससे उसे राज्य में अपनी राजनीतिक मौजूदगी बनाए रखने का अवसर मिला है। चारों नगर निगमों के कुल 63 वार्डों में चुनाव संपन्न हुए थे। इनमें भाजपा ने 37 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस को 23 सीटें मिलीं। तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे। कांग्रेस की 23 सीटों में से 11 सीटें केवल पालमपुर से आई हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि



अन्य तीन नगर निगमों में भाजपा का प्रदर्शन कहीं अधिक प्रभावशाली रहा। चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा ने इसे जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत बताया। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में कहा कि यह सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम है। भाजपा का कहना है कि मतदाताओं ने विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। पार्टी नेताओं ने इसे राज्य सरकार की नीतियों के प्रति जनता के रुख का संकेत भी बताया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इन नगर निगम चुनावों को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा सकता है। स्थानीय निकाय चुनाव भले ही स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हों, लेकिन इनके परिणाम अक्सर राजनीतिक दलों की लोकप्रियता का आकलन करने का आधार बनते हैं। भाजपा के लिए यह परिणाम उत्साहवर्धक हैं, जबकि कांग्रेस को पालमपुर की सफलता के आधार पर अपनी रणनीति मजबूत करने की जरूरत होगी। नगर निगम चुनावों के लिए 17 मई को मतदान कराया गया था। चारों नगर निगमों की कुल 63 सीटों पर हुए चुनाव में लगभग 69.16 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसे मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी का संकेत माना जा रहा है। उच्च मतदान प्रतिशत और स्पष्ट जनादेश ने यह दिखाया कि स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अब इन नतीजों के राजनीतिक प्रभाव पर सभी दलों की नजर बनी हुई है।

## साकेत मेट्रो स्टेशन: सीएम रेखा गुप्ता ने घटनास्थल का किया दौरा, मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार



को दक्षिण दिल्ली के साकेत में उस स्थान का दौरा किया, जहां शनिवार को एक इमारत गिर गई थी। इस बीच, सरकार ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और घटना के संबंध में आपराधिक मामला भी दर्ज किया गया है। मामले में प्राथमिकी महरौली थाने में दर्ज की गई है, जबकि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर दक्षिण जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में जांच की जाएगी। शनिवार को साकेत मेट्रो स्टेशन के पास तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य को बचा लिया गया। मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि ढही हुई इमारत के मलबे के नीचे अब भी कुछ लोग फंसे हो सकते हैं। इस पर रेखा गुप्ता ने कहा कि संबंधित एजेंसियां सावधानीपूर्वक खोज एवं बचाव अभियान चला रही हैं। निवासियों ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध निर्माण और कई इमारतों में अपर्याप्त सुरक्षा उपायों को लेकर भी चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अवैध इमारतों और उनके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आसपास की जर्जर और खतरनाक इमारतों का निरीक्षण करने तथा जहां आवश्यक हो वहां सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से खोज एवं बचाव अभियान जारी है तथा प्रभावित लोगों के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता एवं तत्काल राहत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने कहा कि बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। सभी एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने तथा प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता पहुंचाने में जुटी हुई हैं। उपलब्ध सभी संसाधनों को तैनात कर दिया गया है और बचाव प्रयास बिना किसी रुकावट के जारी हैं। यह भी कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और प्रशासन समय पर राहत, सहायता व हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## दो दिवसीय दौरे पर झारखंड जाएंगे भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, संगठनात्मक बैठक में लेंगे हिस्सा

(एजेंसी) रांची। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन छह जून से दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगे, जिस दौरान वह पार्टी के कई कार्यक्रमों और संगठनात्मक बैठकों में भाग लेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का झारखंड का यह पहला दौरा होगा। भाजपा की झारखंड इकाई के महासचिव अमर बाउरी ने कहा, भाजपा अध्यक्ष छह जून को पूर्वाह्न 11.30 बजे रांची हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। हवाई अड्डे के आसपास एक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उसी दिन वह पार्टी कार्यालय में आयोजित श्प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि सात जून को नितिन नवीन युवाओं के साथ संवाद करेंगे और विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में भाग लेंगे। नितिन नवीन का यह दौरा झारखंड में राज्यसभा की दो सीट के लिए चुनाव से पहले हो रहा है। इस चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि आठ जून है, जबकि मतदान 18 जून को होगा। इनमें से एक सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सह–संस्थापक शिबू सोरेन के निधन के बाद रिक्त हुई है, जबकि दूसरी सीट पर भाजपा के दीपक प्रकाश सदस्य हैं, जिनका छह वर्षीय कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की भाजपाईयों ने मनाई 301 वीं जयंती

## - सुशासन, नारी सशक्तिकरण और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को किया याद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301 वीं जयंती को सुशासन दिवस एवं मातृशक्ति सम्मान के रूप में जिले भर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं, जिन्होंने अपने शासनकाल में सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता और धार्मिक सहिष्णुता की मिसाल कायम की। उनका जन्म 31 मई 1725 को




महाराष्ट्र के अहमदनगर जनपद के चौंडी गांव में हुआ था। उनके लगभग 30 वर्ष के शासनकाल को जनकल्याणकारी नीतियों, न्यायपूर्ण प्रशासन और सांस्तिक पुनर्जागरण के लिए विशेष रूप से याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर सोमनाथ मंदिर सहित देशभर के हजारों मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के उत्थान, नारी सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज भी सेवा, समर्पण और सुशासन की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, जिला उपाध्यक्ष .पानारायण तिवारी, बासु चौधरी, यशवर्धन चौधरी, अमित तिवारी, संजीव भदौरिया, जिला मंत्री सुरेश राजपूत, अभिषेक मिश्रा, सह–कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, सनी शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री मोनू चौहान, शिवाकांत दुबे, वैभव दुबे, चंचल पांडेय, जफर अंसारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा स्नान को उमड़ी आस्था

## - श्रद्धालुओं के बीच मौत बनकर दौड़ रहे थे डंपर

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के जयकारों के साथ गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और मंदिरों, शिवालयों में पूजा अर्चना कर मन्नते मांगी। रविवार सुबह से ही दूर दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने डलमऊ के रानी शिवल घाट,संकट मोचन घाट, वीआईपी घाट,पथवारी घाट, दीनशाह गौरा घाट सहित अन्य दर्जनों घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और गंगा स्नान को लेकर धार्मिक माहौल बना रहा लेकिन श्रद्धा और आस्था के इस पर्व पर श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्थाओं और जाम की समस्या से जूझना पड़ा। श्रद्धालुओं के बीच ओवरलोड डंपर और भारी वाहन मौत बनकर सड़कों पर दौड़ते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन द्वारा दोपहर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी जाती तो जाम की स्थिति काफी हद तक नियंत्रित की जा सकती थी। हर माह गंगा स्नान पर्व होने के बावजूद भी यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। डलमऊ




कस्बे में लगातार लगने वाले जाम और उससे होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। गंगा घाट तक पहुंचने वाले मार्गों पर मेला और श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच भारी वाहनों की आवाजाही से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि आखिर स्नान पर्व में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर क्यों नहीं दिखाई देता। वहीं रायबरेली रोड स्थित सराय दिलावर के पास काफी दिनों से पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात प्रभावित रहा जाम की स्थिति बनी रही। स्नान पर्व के दिन इस मार्ग पर ओवरलोड भारी वाहनों की लंबी–लंबी कतारें लग गईं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। घंटों तक फंसे श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी में पसीना बहाते हुए परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि स्नान पर्व के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगाकर वैकल्पिक यातायात व्यवस्था बनाई जाए तो श्रद्धालुओं को राहत मिल सकती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

# आरोग्य मेले में लापरवाही, पीएचसी पर लटकता रहा ताला बैरंग लौटे मरीज

## - इलाज के लिए पहुंचे ग्रामीणों को करना पड़ा इंतजार, स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में बाबागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। निर्धारित समय सुबह आठ बजे स्वास्थ्य सेवाएं शुरू होनी थीं, लेकिन सुबह करीब साढ़े 8 बजे तक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर ताला लटका रहा। इससे इलाज, जांच और परामर्श के लिए पहुंचे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे कई मरीज डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों का इंतजार करते रहे, लेकिन समय पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। काफी देर तक प्रतीक्षा करने के बाद कई मरीज बिना इलाज कराए वापस लौट गए। ग्रामीणों का कहना है कि जब शासन द्वारा आरोग्य मेले का समय स्पष्ट रूप से सुबह 8 बजे निर्धारित किया गया है, तो स्वास्थ्य केंद्र समय पर क्यों नहीं खोला गया। लोगों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बिरेंद्र, राम बचन, रामेश्वर, मोहन और रामगोपाल सहित कई मरीज उपचार के लिए पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टर और कंपाउंडर के न आने से उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य कर्मियों की उदासीनता से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की छवि प्रभावित हो रही है और आम जनता का भरोसा कमजोर पड़ रहा है। बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र बंद होने की तस्वीरें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के अधीक्षक तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बहराइच को भी भेजी गई हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, सीएमओ बहराइच एवं मुख्यमंत्री से मामले की जांच कर दोषी डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब निगाहें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर टिकी हैं कि वे इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को एसएसपी ने दी भावभीनी विदाई

## - स्मृति चिन्ह, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देकर



अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उनके उत्ष्ट योगदान की सराहना करते हुए उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की गई।

पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक (ना0पु0) रजनेश कुमार तथा आरक्षी (ना0पु0) शिवकुमार सिंह को स्मृति चिन्ह, घड़ी, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दोनों कर्मचारियों की विभाग के प्रति समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों को आश्वस्त किया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर विभाग द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। समारोह का माहौल भावुक रहा और उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त साथियों के स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना की। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनोज सिन्हा पर टिप्पणी को लेकर भाजपा नेता का पलटवार

## - बोले- जनता देगी जवाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा पर जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह की कथित टिप्पणी को लेकर क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के नेता प्रेम सागर राजभर ने विधायक के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। जमानिया विधानसभा क्षेत्र के सोनहरिया गांव निवासी भाजपा



नेता प्रेम सागर राजभर ने वार्ता के दौरान कहा कि मनोज सिन्हा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित एवं लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। उन्होंने वर्षों तक संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। ऐसे वरिष्ठ नेता के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किसी भी जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि मनोज सिन्हा ने गाजीपुर समेत पूरे पूर्वांचल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके राजनीतिक और सामाजिक कार्यों को जनता भली–भांति जानती है। ऐसे में उन पर की गई टिप्पणी न केवल अनुचित है, बल्कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं को भी आहत करने वाली है। प्रेम सागर राजभर ने कहा कि लोकतंत्र में विचारों का मतभेद हो सकता है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी करना राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनाव में जनता ऐसे बयानों का उचित जवाब देगी। गौरतलब है कि जमानिया विधायक ओम प्रकाश सिंह द्वारा मनोज सिन्हा को लेकर दिए गए बयान के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी क्रम में प्रेम सागर राजभर ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधायक के बयान की कड़ी आलोचना की और इसे राजनीतिक शिष्टाचार के विरुद्ध बताया। इस दौरान चंद्रशेखर राजभर, रमेश कुशवाहा, अभय राजभर, आदित्य मौर्य, घनश्याम राजभर, बिरजू राजभर, शुभदयाल, हनुमान, जय प्रकाश राजभर, साधु, नान्हू, मुन्ना जेई और रामविलास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रोडवेज कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

## - रिजवान अहमद बने शाखा अध्यक्ष, मोहन कश्यप मंत्री, यासीन खां कोषाध्यक्ष मनोनीत

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ डिपो शाखा का चुनाव रविवार को लोकतांत्रिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नई शाखा कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री एवं हमीरपुर डिपो शाखा अध्यक्ष शिवशरण सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कपिल कश्यप तथा संगठन के संरक्षक देवेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से महोबा डिपो शाखा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसके तहत वरिष्ठ लिपिक रिजवान अहमद खां को शाखा अध्यक्ष, कनिष्ठ लिपिक मोहन कश्यप को शाखा






मंत्री तथा परिचालक यासीन खां को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा के साथ ही कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, संगठन की मजबूती तथा कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितों की सुरक्षा, बेहतर कार्य वातावरण और मचारियों की विभिन्न मांगों को शासन एवं निगम प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए संगठन निरंतर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। महोबा डिपो परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनचौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, जागरूकता का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। क्षेत्राधिकारी धामपुर ने थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम मंसूर सराय में जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने विभिन्न स्थानीय समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।




जनचौपाल में क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा कानून–व्यवस्था संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को गंभीरता से लेने और सतर्क रहने की अपील की। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी आपात स्थिति, संदिग्ध गतिविधि या अपराध संबंधी सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

# हैंडपंप रिबोर में फर्जी भुगतान के आरोप, ग्रामीणों ने प्रधान-सचिव पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

## -चालू हैंडपंप को दो बार रिबोर दिखाकर भुगतान का आरोप, खराब पड़े हैंडपंपों से ग्रामीण परेशान



(संवाददाता) सरीला (हमीरपुर)। सरीला विकासखंड की ग्राम पंचायत हरसुंडी में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर कथित फर्जी भुगतान का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुटी आश्रम परिसर में स्थित एक हैंडपंप, जो पहले से ही सुचारु रूप से संचालित था, उसे अभिलेखों में खराब दर्शाकर दो बार रिबोर कराया जाना दिखाया गया। आरोप है कि इस कार्य के नाम पर भुगतान भी किया गया, जबकि हैंडपंप लगातार उपयोग में था। ग्रामीणों का कहना है कि जहां एक ओर अभिलेखों में मरम्मत और रिबोर के कार्य दर्शाए गए, वहीं दूसरी ओर हरसुंडी मजरा डेरा में कई हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं। इससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराकर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जांच होने पर पंचायत स्तर पर हुई संभावित वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार तथा खंड विकास अधिकारी पी.डी. गुप्ता से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो सका। वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी सुबोध जोशी ने मामले की जांच कराए जाने की बात कही है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# राष्ट्रीय हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

## - एनएमपीसी मीडिया डायरी का विमोचन, जिला कार्यकारणी को दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

कानपुर। भारत के राष्ट्रीय संगठन नेशनल मीडिया प्रेस क्लब (एनएमपीसी) के तत्वावधान में राष्ट्रीय हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शास्त्री भवन ग्वालटोली में एक भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हिन्दी पत्रकारिता के जनक पंडित जुगल किशोर शुक्ल को समर्पित रहा। जिन्होंने 30 मई 1826 को देश के प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन प्रारम्भ किया था। हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में पत्रकारिता, समाजसेवा, अधिवक्ता जगत, राजनीति एवं प्रशासनिक क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार श्याम सिंह पंवार ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वतंत्रता सेनानी एवं पत्रकारिता के पुरोधा स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी तथा हिन्दी पत्रकारिता के जनक स्वर्गीय पंडित जुगल किशोर शुक्ल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर एनएमपीसी मीडिया डायरी का भव्य विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों, वरिष्ठ पत्रकारों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रमाण–पत्र, मीडिया डायरी, पेन, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने हिन्दी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान चुनौतियों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक डिजिटल युग तक समाज को जागरूक करने, लोकतंत्र को सशक्त बनाने एवं जनहित के मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पत्रकारों से निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनपक्षीय पत्रकारिता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया गया। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य श्याम सिंह पंवार ने उदन्त मार्तण्ड के संघर्षपूर्ण इतिहास का उल्लेख करते हुए वर्तमान समय में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच सत्य एवं विश्वसनीय पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर दुर्गेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शान्तनु त्रिपाठी, आलोक पाण्डेय, संपादक संजय शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजबहादुर धुरिया, वरिष्ठ समाजसेवी विजय कपूर, पूर्व सांसद राजाराम पाल, अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे, नगर निगम अध्यक्ष मुन्ना हजारिया तथा नशा मुक्ति केन्द्र संचालक ज्योति बाबा सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। कानपुर बार एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट विनय मिश्रा, उपाध्यक्ष मोहम्मद तौहीद, मंत्री एडवोकेट के.के. तिवारी, संयुक्त मंत्री एडवोकेट विवेक सिंह, कोषाध्यक्ष एडवोकेट भगवत दास, द लॉयर्स एसोसिएशन कानपुर के महामंत्री एडवोकेट राजीव यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट रमाकांत मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट पुष्कर धर द्विवेदी तथा पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रविन्द्र शर्मा सहित अनेक अधिवक्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.डी. शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट ज्ञानेंद्र कटियार एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर द्वारा किया गया। इस



दौरान कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, चित्रकूट एवं बांदा जिला इकाइयों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न कराया गया। कानपुर नगर से जिलाध्यक्ष अमित कुमार, जिला महामंत्री सुरेश सविता, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता मोर्चा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रशान्त मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनिया रानी सहित 21 पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। फतेहपुर जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी के नेतृत्व में जिला संयोजक श्याम स्वरूप गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शराफत खान, जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार एवं उस्मान खान, जिला महासचिव फुजैल खान, जिला प्रवक्ता अनु वर्मा, जिला सचिव शिव कुमार एवं मोहम्मद फाजिल अंसारी, जिला मंत्री शिव करण सिंह एवं अतुल कुमार, जिला संगठन मंत्री प्रभात कुमार, जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुमार प्रजापति, जिला विधि सलाहकार फिरोज खान एडवोकेट, तहसील प्रचार मंत्री हुमैर अख्तर, तहसील मीडिया प्रभारी अब्दुल हमीद, तहसील मीडिया प्रभारी (बिंदकी) सोनू तथा सदस्य शाहरुख अहमद, लव सिंह एवं राज बहादुर सहित कुल 23 पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन के संविधान, नियमों एवं पत्रकार हितों की रक्षा का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण किया। फतेहपुर इकाई की सशक्त उपस्थिति, अनुशासित सहभागिता एवं सक्रिय भूमिका कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। इसके अतिरिक्त चित्रकूट से जिलाध्यक्ष अन्नू मिश्रा, बांदा से जिलाध्यक्ष गिरिजा शंकर अवस्थी तथा कानपुर देहात से जिलाध्यक्ष शिवकरण शर्मा एवं जिला महामंत्री अनिल कुमार ने अपनी–अपनी टीमों के साथ शपथ ग्रहण किया।कार्यक्रम आयोजन समिति में मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर एवं मंडल महामंत्री वीरेंद्र कुमार शर्मा की विशेष भूमिका रही, जिनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी, सांसद देवेन्द्र सिंह भोले सहित जनपद के अनेक जनप्रतिनिधियों एवं विधायकों ने कार्यक्रम की सफलता तथा मीडिया डायरी के प्रकाशन पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों, अधिवक्ताओं, शासन–प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए भोजन एवं जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी। प्रातः 11 बजे प्रारम्भ हुआ यह भव्य समारोह सायं 5 बजे तक विभिन्न सत्रों, सम्मान समारोहों एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रमों के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अंत में सभी उपस्थित जनों ने पत्रकार एकता जिंदाबाद, जय हिन्द एवं जय भारत के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# नवली के विजय गुप्ता बड़े पर्दे पर दिखाएगे अभिनय का दम

## – बश्वबी देओल की फिल्म बंदर में निभाया महत्वपूर्ण किरदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। तहसील क्षेत्र के नवली गांव निवासी अभिनेता विजय गुप्ता जल्द ही बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की आगामी फिल्म बंदर में अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद उनके परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। गांव के लोगों में भी इस बात को लेकर उत्साह है कि उनके क्षेत्र का एक कलाकार फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रहा है। फोन पर हुई बातचीत में विजय गुप्ता ने बताया कि फिल्म में उनका किरदार साइलेंट मैन का है। कहानी के अनुसार कुछ लोग उन्हें झूठे आरोप में फंसाकर जेल भिजवा देते हैं। जेल जाने के बाद वह पूरी तरह खामोश हो जाते हैं और किसी से कोई बातचीत नहीं करते। फिल्म के अंतिम हिस्से में बॉबी देओल का किरदार भी उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उसी तरह का हो जाता है। विजय का कहना है कि यह किरदार कहानी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नवली गांव के रहने वाले विजय गुप्ता की पढ़ाई कोलकाता में हुई। वहीं से उनके अभिनय सफर की शुरुआत हुई। करीब 13 वर्षों तक उन्होंने कोलकाता में रंगमंच (थिएटर) किया। इसके बाद अभिनय के बड़े सपने को लेकर मुंबई पहुंचे और थिएटर के साथ–साथ फिल्मों में भी सक्रिय हो गए। प्रसिद्ध रंगकर्मी और अभिनेता मकरंद देशपांडे के साथ काम करने का अवसर मिलने के बाद उनके फिल्मी करियर को नई दिशा मिली। विजय गुप्ता अब तक कई चर्चित फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। इनमें अब तक छप्पन, जागो, सरकार, प्रेयर्स फॉर रेन, सत्याग्रह, मांझी–द माउंटेन मैन और जॉली एलएलबी जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह एक बार फिर बॉबी देओल के साथ फिल्म 'बंदर' में सहायक अभिनेता के रूप में नजर आएंगे। विजय गुप्ता ने बताया कि फिल्म बंदर को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल सहित कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहना मिल चुकी है। यह फिल्म आगामी 5 जून को रिलीज होने वाली है। फिल्म में अपने प्रभावशाली अभिनय से विजय गुप्ता ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। फिल्मी दुनिया में सक्रिय रहने के बावजूद विजय गुप्ता अपनी मिट्टी और गांव से गहरा लगाव रखते हैं। व्यस्तता के बीच भी वह समय–समय पर अपने पैतृक गांव नवली आते रहते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# कैण्ट पुलिस और एएनटीएफ को मिली बड़ी सफलता, 770 ग्राम अवैध गांजे और कार के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता गोरखपुर। अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कैण्ट थाना पुलिस और एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन से 770 ग्राम अवैध गांजे के साथ तीन अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। घ्चेकिंग के दौरान धरे गए तस्कर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कैण्ट व प्रभारी एएनटीएफ के नेतृत्व में पुलिस टीम इलाके में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध चार पहिया वाहन को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें से 770 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से ही कार सवार तीनों अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया और वाहन को जब्त कर लिया। घबिहार और गोरखपुर के रहने वाले हैं आरोपी पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान संजय कुमार यादव (पुत्र हरिशंकर यादव, निवासी कोल्हुआ, थाना दरौदा, जनपद सिवान, बिहार), सत्यम शुक्ला (पुत्र गोरखनाथ शुक्ला, निवासी मेहड़ा, थाना गोला) और मो. असलम (पुत्र मो. मुस्ताक, निवासी लगड़ी, थाना गुलरिहा, जनपद गोरखपुर) के रूप में हुई है। घ्एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज इस बड़ी बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना कैण्ट में अभियुक्तों के खिलाफ मु.अ.सं. 261/2026 के तहत धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस (छक्कै) एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। घ्कामयाबी हासिल करने वाली इस संयुक्त टीम में मुख्य रूप से घ्उ.नि. रमेश राम (थाना प्रभारी) उ.नि. अमित कुमार चौबे (चौकी प्रभारी रेलवे, थाना कैण्ट) हे.कां. शशिकान्त राय घ्हे.कां. दीपशंकर घ्हे.कां. दीपक वर्मा (एएनटीएफ) कां. रजनीश पाल (एएनटीएफ) घ्कां. संजीत कुमार यादव (थाना कैण्ट,

कां. मंगलदीप यादव (थाना कैण्ट,।



# बेतवा सेतु हादसे की जांच को दो उच्चस्तरीय समितियां गठित, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई- डीएम

## -छह मृत श्रमिकों के परिजनों को आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी किया जा रहा लाभान्वित

संवाददाता हमीरपुर। बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के सेगमेंटल स्पान गिरने की दुर्घटना की जांच तेज हो गई है। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि घटना की निष्पक्ष और व्यापक जांच के लिए जिला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा अलग–अलग तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समितियों का गठन किया गया है। दोनों समितियां हादसे के तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी पहलुओं की गहन जांच कर रही हैं।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति या संस्था दोषी पाई जाएगी, उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मृत श्रमिकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के सेगमेंटल स्पान (पी–5 से पी–6) के गिरने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि दुर्घटना की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन तथा उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा अलग–अलग उच्चस्तरीय जांच समितियों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से गठित तीन सदस्यीय जांच समिति की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) कर रहे हैं। यह समिति घटना से जुड़े सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियागत पहलुओं की विस्तार से जांच कर रही है। समिति के सदस्यों ने घटनास्थल का निरीक्षण शुरू कर दिया है और



आवश्यक साक्ष्यों का संकलन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सेतु निगम ने भी तकनीकी परीक्षण और विशेषज्ञ जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति निर्माण कार्य की गुणवत्ता, डिजाइन, संरचनात्मक मानकों, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की गहन समीक्षा करेगी। आवश्यकता पड़ने पर निर्माण सामग्री के नमूनों की प्रयोगशाला जांच भी कराई जाएगी, ताकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि इस दुर्घटना के संबंध में थाना कुरारा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) एवं धारा 125(ए) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना जारी है और जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों, तकनीकी रिपोर्ट तथा दोनों समितियों की आख्या के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुर्घटना के लिए जो भी व्यक्ति अथवा संस्था जिम्मेदार पाई जाएगी, उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना में जान गंवाने वाले छह श्रमिकों के परिजनों को शासन की ओर से चार–चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य से जुड़ी फर्म मैसर्स शेल्टर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा प्रत्येक मृतक श्रमिक के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। वहीं श्रम विभाग की योजनाओं के अंतर्गत पात्र परिवारों को 1.25 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है। दो पात्र परिवारों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत 30–30 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। स्वर्गीय राजेश पाल की पत्नी अनीता तथा स्वर्गीय पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा स्वर्गीय पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा स्वर्गीय राजेश पाल की पत्नी अनीता को निराश्रित महिला पेंशन योजना से लाभान्वित करने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं स्वर्गीय राजेश पाल की दो पुत्रियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत दोनों बालिकाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि पात्र परिवारों को अंत्योदय राशन कार्ड, आवास योजना, स्वच्छ शौचालय योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है तथा सभी पात्र परिजनों को शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से दिलाया जाएगा। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के अनुपालन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# सम्मान और शुभकामनाओं के बीच एलआईयू उपनिरीक्षक कुवंर बहादुर सिंह सेवानिवृत्त

संवाददाता हमीरपुर। रिजर्व पुलिस लाइन्स, हमीरपुर में रविवार को गरिमामय सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे



एलआईयू के उपनिरीक्षक कुवंर बहादुर सिंह को सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर ने कुवंर बहादुर सिंह के लंबे सेवाकाल, उत्कृष्ट कार्यशैली, निष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान पुलिस विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त अधिकारी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कुवंर बहादुर सिंह को स्मृति चिह्न एवं शुभकामनाएं भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

# सिसोलर के बैजेमऊमें अवैध मोरंग खनन का खेल, रातभर चलती हैं मशीनें, दिन में खामोश अफसर

संवाददाता हमीरपुर। सिसोलर थाना क्षेत्र के बैजेमऊ गांव में अवैध मोरंग खनन का बड़ा खेल सामने आया है। साड़ी खादर खंड संख्या–1 में नियमों को ताक पर रखकर पोकलेन मशीनों से खेतों का स्वरूप बिगाड़कर लाखों की मोरंग निकाली जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि असलहों के दम पर अवैध खनन कराया जा रहा है। रातभर दहाड़ती मशीनों से खनन होता है और दिन में जिम्मेदार विभाग खामोश बना रहता है। खनिज विभाग पर माफियाओं को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ओवरलोड ट्रकों की हमीरपुर तक निकासी से सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। तेज रफ्तार ओवरलोड वाहन हादसों को न्योता दे रहे हैं। खेत उजड़ रहे हैं, सड़कें टूट रही हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। चर्चा है कि हमीरपुर के नए जिला अधिकारी के आने के बाद भी अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग रहा है। सवाल उठ रहा है कि आखिर किसकी शह पर इतना बड़ा खेल चल रहा है? ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।




# वायरल थप्पड़ कांड पर एसपी एमएस पाठक का सख्त एक्शन, सुमेरपुर एसएचओ योगेश तिवारी लाइन हाजिर

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर) – पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने सुमेरपुर थाना प्रभारी योगेश तिवारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई एक युवक को थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई। जानकारी के अनुसार, सुमेरपुर विद्युत वितरण उपखंड के पास बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर स्थानीय लोग प्रदर्शन कर रहे थे। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी योगेश तिवारी लोगों की समस्या का समाधान कराने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया और विस्तृत जांच के आदेश दिए। जांच की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल को सौंपी गई है। पुलिस विभाग का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी की इस त्वरित कार्रवाई की जिलेभर में चर्चा हो रही है और इसे पुलिस प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लैंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# यातायात विभाग का चला सघन चेकिंग अभियान

## – 200 से अधिक वाहनों का हुआ चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस एवं पुलिस अधीक्षक बंसल के निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज तथा क्षेत्राधिकारी यातायात सौरभ सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी टीम



के साथ विभिन्न प्रमुख चौराहों और मार्गों पर व्यापक जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान मवई बाईपास एवं महोखर बाईपास चौराहे पर वाहनों की सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से लगे हूटर, सायरन एवं काली फिल्म, दो पहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर तथा बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 200 से अधिक वाहनों का चालान किया गया। यातायात प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, मानक अनुरूप नंबर प्लेट लगवाएं तथा अपने वाहनों में किसी भी प्रकार के अवैध संशोधन से बचें। चेकिंग अभियान के साथ–साथ जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया, जिसमें वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने और स्वयं तथा अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# डीजल चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा रात्रि के समय एकांत में खड़े चारपहिया वाहनों ट्रकों आदि से डीजल चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 30/31 मई की रात्रि को थाना तिंदवारी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध व्यक्ति अलग–अलग चार पहिया वाहनों से बांदा की तरफ जा रहे है जो एकांत में खड़े ट्रको आदि से डीजल चोरी करते हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरु की गई। इसी दौरान दो चारपहिया वाहन पुलिस की चेकिंग को देखकर गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस द्वारा घेराबन्दी करते हुए मुंगुस नहर पुलिस के पास पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो गाड़ी के अन्दर से 06 प्लास्टिक जेरिकेन (पिपिया) में भरी करीब 200 डीजल, 02



खाली जेरिकेन (पिपिया), हरे रंग की पाइप व गाड़ियों के नम्बर प्लेट आदि सहित नकद रुपए बरामद हुए तथा अभियुक्त राजेश पुत्र प्रहलाद की तलाशी के दौरान एक अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बांदा व आस–पास जनपदों में घूम–घूमकर एकांत में खड़े ट्रकों आदि से डीजल चोरी करते है और फिर उसे दूसरे ट्रकों के चालको बातचीत कर उनको सस्ते दामों पर बेच देते है। कुछ डीजल को वे लोग घर में ले जाकर भी बेचते हैं। तलाशी के दौरान जो रुपए बरामद हुए है वह भी डीजल चोरी की बिक्री के हैं। साथ ही बताया कि वे सभी इसी चारपहिया वाहनों पर नम्बर प्लेट बदलकर रात में एकांत में खड़े ट्रको आदि से डीजल चोरी करते है जिससे कि सीसीटीवी कैमरों से बचे रहें। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरतार कर थाना तिंदवारी में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त किया गया। पुलिस द्वारा इस सम्बन्ध में गनहता से जांच की जा रही है कि इनके गिरोह में और कितने लोग शामिल है तथा इनके द्वारा और किन–किन जनपदों, स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। पकड़े गए अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र देवराज निवासी रामपुर कुर्मी थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर, राजेश पुत्र प्रहलाद निवासी ह्रदयखेड़ा थाना नरवल जनपद कानपुर नगर के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में संदीप कुमार थानाध्यक्ष तिंदवारी, व0उ0नि0 सुभाष चन्द्र वर्मा, म0उ0नि0 सृष्टि नगाईच चौकी प्रभारी कुरसेजा, उ0नि0 फूलचन्द्र, उ0नि0 धर्म सिंह, हे0कां0 योगेन्द्र सिंह, कां0 शमशेर बहादुर, म0कां0 ज्योति शुक्ला, कां0 महेन्द्र प्रताप, कां0 शिवजीत सिंह, रि0कां0 शैलेश यादव शामिल रहे।

# ई-रिक्शा चोरी करने वाला गिरफ्तार, ई-रिक्शा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ई–रिक्शा चोरी करने वाले



अभियुक्त को सूचना के 06 घण्टे के भीतर गिरतार कर लिया गया।

गौरतलब हो कि 30 मई को थाना कोतवाली देहात के ग्राम गुरेह के रहने वाले दीपक पुत्र महावीर ने थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि वह अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल आया था जहां से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी ई–रिक्शा चोरी कर ली गई है। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरतारी हेतु टीमों का गठन किया गया तथा मौके पर जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए एवं ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए सीसीटीवी कैमरे व अन्य तकनीकि साक्ष्यों की मदद से देर रात्रि सूचना के 06 घण्टे के भीतर अभियुक्त की पहचान करते हुए उसे रेलवे मालगोदाम के पास से गिरतार कर लिया गया। मौके से चोरी की ई–रिक्शा भी बरामद की गई है। पकड़े गए अभियुक्त हाशिम भाई पुत्र शकूर खान निवासी खुटला थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0 268/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में रामू सिंह चौकी प्रभारी जिला अस्पताल, हे0कां0 भैयाराम,. कां0 शैलेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# राष्ट्रहित के कार्यो से जोड़ने का सशक्त माध्यम है मन की बात : प्रकाश

## - मन की बात में राष्ट्रसेवा व जन कल्याण की मिलती प्रेरणा

## - जिले के हर बूथ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 134 वें संस्करण को भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के सभी बूथों में सुना गया जिसमें उन्होंने अपने विचारों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प, आत्मनिर्भरता, जन भागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद, नवाचार तथा देश के राष्ट्रनिर्माण में योगदान दे रहे प्रेरणादायी व्यक्तियों का उल्लेख किया हैं।



सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बिसण्डा मण्डल के खुरन्हण स्थित आवास के बूथ संख्या 242 में मन की बात सुनी जिसमें कहा गया हैं कि देशवासियों को राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने और भारत को नई ऊंचाईयों तक पहुँचाने का मन की बात एक सशक्त माध्यम हैं यह हम सभी को राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रेरित करता हैं। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मण्डल के तुलसीनगर स्थित बूथ संख्या 191 में मन की बात सुना जिसमें मोदी जी ने अलग अलग देशों के आमों की किस्मो का जिक्र करते हुए कहा कि गर्मियों में आम का सेवन अवश्य करें। इस समय हो रही चीज धूप व गर्म हवाओं से बचें। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने बाँदा दक्षिणी मण्डल के गुलाबबाग खाईंपार के बूथ संख्या 105 में मोदी जी के मन की बात सुनी जिसमें उन्होंने राष्ट्र निर्माण में खिलाड़ियों के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि पूरे देश में 100 मीटर दौड़ की चर्चा हो रही हैं जिसमें महज दो दिनों के भीतर खिलाड़ी गुरिंदर वीर सिंह व अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर की दौड़ में नेशनल रिकार्ड बनाकर कमाल दिखाया हैं।

# सशस्त्र सीमा बल ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाई प्रतिज्ञा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल व इसके अंतर्गत आने वाली समस्त भारत–नेपाल सीमा चौकियों पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के कुशल नेतृत्व व दिशा–निर्देशन में संपन्न हुआ।



वाहिनी मुख्यालय के प्रांगण तथा सभी बाहरी सीमा चौकियों पर तैनात जवानों ने अपना दाहिना हाथ आगे बढ़ाकर एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का .ढ़ संकल्प लिया। उपस्थित सभी अधिकारियों और जवानों ने आजीवन तंबाकू का सेवन न करने और अपने परिवार तथा आम जनमानस को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ग्रहण की। प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह के उपरांत, कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले गंभीर और जानलेवा प्रभावों कैंसर, ह्रदय रोग आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक सुरक्षाकर्मी के लिए शारीरिक और मानसिक फिटनेस सर्वोपरि है, इसलिए सभी को एक स्वस्थ, नशामुक्त और अनुशासित जीवन शैली अपनानी चाहिए। वाहिनी मुख्यालय एवं समस्त सीमा चौकियों के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों तथा अन्य बलकर्मियों ने पूर्ण जोश, निष्ठा एवं उत्साह के साथ बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। सशस्त्र सीमा बल का यह कदम न केवल बलकर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के लिए भी एक सकारात्मक संदेश है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को जनपद के पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन सहित समस्त थानों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने



तथा अपने कार्यस्थल एवं आसपास के वातावरण को तम्बाकू मुक्त बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन मेविस टॉक द्वारा पुलिस लाइन में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को तम्बाकू उत्पादों के सेवन एवं धूम्रपान से दूर रहने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई तथा क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू निषेध की शपथ दिलाते हुए इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और तम्बाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्मिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थानों में पुलिस कर्मियों को तम्बाकू एवं धूम्रपान का सेवन न करने तथा जनसामान्य को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

# विश्व जैन संगठन ने शुरू किया पक्षियों के लिए जलपात्र अभियान

## - मेरे अंगना आएगी चिड़िया फुदक-फुदक मुहिम से घर-घर जोड़े जाएंगे लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों के संरक्षण एवं उनकी प्यास बुझाने के उद्देश्य से विश्व जैन संगठन द्वारा मेरे अंगना आएगी चिड़िया फुदक–फुदक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत लोगों को अपने घरों, आंगनों और छतों पर मिट्टी के जलपात्र रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराया जा सके। गाड़ीपुरा स्थित मनोरमा मार्केट में आयोजित संगठन की बैठक में इस अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत शहर के प्रमुख मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता पर्चे, पोस्टर एवं मिट्टी के जलपात्र लगाए जा रहे हैं। संगठन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस नेक पहल से जोड़कर पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष आकाश दीप जैन बेटू ने कहा कि यह



केवल संगठन का नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग का अभियान है। गर्मियों में तापमान 45 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, ऐसे में पशु–पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता बेहद कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि शहरों में पक्षियों को न तो आसानी से पानी मिल पाता है और न ही दाना, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इस दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। महामंत्री राजीव जैन ने कहा कि भारतीय संस्.ति में जीवों के प्रति दया और सेवा की परंपरा रही है। प्राचीन समय से मंदिरों में जल संग्रह की ऐसी व्यवस्था होती थी, जहां पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। हमें उसी परंपरा को अपने घरों और मोहल्लों में पुनर्जीवित करना चाहिए। मनोज जैन (निवेश गुरु) ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों की छतों, बालकनियों और आंगनों में मिट्टी के सकोरों में पानी रखें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। नितिन जैन ने कहा कि इस अभियान से समाज के सभी वर्गों को जोड़ा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पक्षियों को राहत मिल सके। बैठक में रजत जैन, सुनील जैन, राजू जैन, गौरव कान्त जैन, शेखर जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# क्या होगा उनका जिनको हर रात डर में गुजारनी पड़ती है रात

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। पिछले तीन दिनों में कई बार मोबाईल फोन के साथ साथ सोशल मिडिया पर इस बात को लेकर जागरूक किया गया कि आगले कुछ घंटो के बीच भयंकर तूफान आंधी तेज बारिश होने के आसार है इस लिए सावधान रहे सतर्क करें। इसी बीच नगर नानौता से बड़ी खबर सामने आई है। जहां आज भी सेकड़ो कच्चे घर ऐसे है जो हार रात डर से गुजारते हैं। जिनकी छत कच्ची है जोकि आंधी तूफान में भारी नुकसान की चपेट में आ सकते थे मगर उन पर ध्यान इसलिए नही दिया जा रहा है कि वह सुरक्षित हैं। जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सेकड़ो मकान बनवाये गए है और बन भी रहे है मगर इस योजना का लाभ पिछले पांच सालों से नानौता नगरवासी वंचित है क्योंकि उन्हें अभी तक सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिल पा रहा। जानकारी के अनुसार पिछले दो महा पहले 30 परिवारों को योजना का पैसा मिला जबकि लगभग 700 से ज्यादा लोग इंतजार में है अब ऐसे में वह परिवार क्या करे जब आगले महीने से बरसात होगी और उनके मकान कुछ के जर्जर हालत में है कुछ की छत कच्ची है और के पास छत ही नही है।



# रेलवे बोर्ड का विजिलेंस इंस्पेक्टर बताकर रौब जमाने वाला गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। मुरादाबाद कंट्रोल रूम से मिली सूचना के बाद नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल अधिकारियों और जीआरपी ने खुद को रेलवे बोर्ड का विजिलेंस इंस्पेक्टर बताने वाले एक व्यक्ति को पकड़ लिया। जांच में वह रेलवे का सेवानिवृत्त कर्मचारी निकला। बताया गया कि लिंक एक्सप्रेस में यात्रा कर रहा 64 वर्षीय जावेद अली खुद को रेलवे बोर्ड का विजिलेंस इंस्पेक्टर बताकर टीटीई स्टाफ पर रौब जमा रहा था। सूचना मिलने पर मुख्य टिकट निरीक्षक संतोष अरोड़ा, सीएमआई आर.के. मीणा तथा जीआरपी टीम ने उसे नजीबाबाद स्टेशन पर ट्रेन से उतारकर पूछताछ की। जांच में सामने आया कि कर्नाटक के शिवाजी नगर निवासी जावेद अली रेलवे विभाग में यात्री शिकायत निरीक्षक पीसीआई के पद से सेवानिवृत्त हो चुका है। आरोप है कि उसने यात्रा के दौरान खुद को रेलवे बोर्ड का विजिलेंस अधिकारी बताकर टीटीई कर्मचारियों को हड़काया तथा वीआईपी सुविधाओं का लाभ लिया। इस मामले में रेलवे अधिकारियों की ओर से जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई गई। जीआरपी प्रभारी कमल किशोर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का सम्मान

## – राष्ट्रीय उन्नति सेवा संघ के आयोजन में हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर)। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय उन्नति सेवा संघ द्वारा एलआईसी गेस्ट हाउस में भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उन्नति सेवा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, जो दिन–रात और हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज तक सही और निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार अक्सर जोखिम भरे हालात में भी जनहित के मुद्दों को सामने लाते हैं, इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है कि वह पत्रकारों के योगदान का सम्मान करे। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, ताकि समाज और पत्रकारिता के बीच विश्वास और सम्मान का संबंध और मजबूत हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुप खेतान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष आचिन मल्होत्रा उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन पत्रकारों के सम्मान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# पुलिस ने फर्जी अपहरण व नशीला पदार्थ पिलाने की कहानी का किया खुलासा

## - झूठा मुकदमा दर्ज कर निर्दोषों को फंसाने की साजिश, महिला समेत दो गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस ने प्रभावी विवेचना, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर कथित अपहरण और नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश करने की घटना का सफल खुलासा करते हुए पूरे प्रकरण को फर्जी पाया है। पुलिस ने झूठी कहानी गढ़कर निर्दोष लोगों को फंसाने की साजिश रचने वाली महिला एवं उसके सहयोगी को गिरतार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 27 मई 2026 को सरिता पत्नी राजेश निवासी नगला सेव थाना सैफई ने थाना लवेदी में शिकायत दर्ज कराई थी कि मेडिकल कॉलेज सैफई से ड्यूटी कर लौटते समय कुछ लोगों ने उसे बहला–फुसलाकर वाहन में बैठा लिया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसे थाना लवेदी क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर छोड़ दिया गया। सूचना के आधार पर थाना लवेदी में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में एसओजी, सर्विलांस एवं थाना लवेदी पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी विश्लेषण, इलेक्ट्रॉनिक एवं भौतिक साक्ष्यों तथा मैनुअल सत्यापन के आधार पर गहन जांच की। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जिन व्यक्तियों को नामजद किया गया था, उनकी घटना स्थल पर मौजूदगी के कोई प्रमाण नहीं मिले। साथ ही यह भी पता चला कि शिकायतकर्ता सरिता और नामजद व्यक्तियों के बीच पूर्व से लेन–देन एवं मुकदमेबाजी को लेकर विवाद चल रहा था। विवेचना में यह स्पष्ट हुआ कि नामजद व्यक्तियों को कानूनी परेशानी में डालने के उद्देश्य से पूरी घटना की साजिश रची गई थी। जांच के दौरान अमरपाल




यादव पुत्र हृदयराम निवासी गौरा दयालपुर थाना चौबिया की भूमिका भी सामने आई। पुलिस को मिले साक्ष्यों से यह सिद्ध हुआ कि अमरपाल यादव और सरिता ने आपसी सहमति से पूर्व नियोजित योजना बनाकर झूठी घटना का स्वरूप तैयार किया तथा पुलिस को भ्रामक सूचना देकर निर्दोष लोगों को फंसाने का प्रयास किया। विवेचना में नामजद किए गए ज्ञानपाल, प्रीति, वीटू एवं विमलेश कुमार के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। 31 मई 2026 को अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के अभियान के तहत एसओजीध्सर्विलांस टीम एवं थाना लवेदी पुलिस क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि मामले से संबंधित अभियुक्त अमरपाल यादव ददौरा स्थित शामला मंदिर के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरतार कर लिया। इसके बाद पूछताछ एवं विवेचना में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर वांछित अभियुक्ता सरिता को भी सैफई क्षेत्र से गिरतार किया गया। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि आपसी विवाद और मुकदमेबाजी के चलते विरोधी पक्ष को फंसाने के उद्देश्य से झूठी कहानी तैयार की गई थी। मामले में पूर्व में दर्ज धारा 123/127(2) बीएनएस को हटाते हुए धारा 231, 61(2) एवं 319(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरतार अभियुक्त अमरपाल यादव पुत्र हृदयराम निवासी गौरा दयालपुर, थाना चौबिया, जनपद इटावा। सरिता पत्नी राजेश निवासी नगला सेव, थाना सैफई शामिल हैं। पुलिस टीम में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय टीम, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा थाना लवेदी, उपनिरीक्षक जितेन्द्र चौधरी मय टीम शामिल रहे।

# लोकतंत्र प्रहरी पत्रकार सम्मान से नवाजे गए देश का चौथा स्तंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर मिहींपुरवा स्थित नवनीत पिक्चर पैलेस के हाल में समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन एवं लोकतंत्र प्रहरी पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी की नेत्री एवं बलहा विधानसभा क्षेत्र की भावी प्रत्याशी ललित हरेंद्र पासवान ने किया। समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्.ष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकारों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र प्रदान कर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ललित हरेंद्र पासवान ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी जनता की आवाज को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। जनसमस्याओं के समाधान और सामाजिक समरसता पर जोर कार्यक्रम में पूर्व समाज कल्याण राज्यमंत्री बंशीधर बौद्ध ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जनकल्याणकारी, न्यायप्रिय एवं धर्मनिष्ठ शासन को प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। वरिष्ठ समाजवादी नेता जुग्गी लाल यादव ने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने की अपील की तथा क्षेत्र में कथित अवैध बालू खनन पर चिंता व्यक्त की। प्रदीप कुमार गौतम ने संबोधित करते हुए राजमाता अहिल्याबाई होलकर के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन एम.जमील कुरैशी एवं मिथिलेश यादव ने किया। इस समारोह में धर्मेंद्र यादव मिथिलेश यादव प्रदीप गौतम अनूप मौर्य वीरेंद्र चक्रवर्ती झुग्गी लाल यादव मदन चौहान पूनम गौतम सीता पासी सहित कार्यकर्ता सेक्टर प्रभारी जोन प्रभारी तथा लोकतंत्र पर हरि पत्रकार सम्मान से नवाजी गए पत्रकार साथियों में मो. असलम ,विनोद शर्मा, अनिल कुशवाहा, जुनैद खान, मदन पोरवाल, मोहम्मद जमील कुरैशी, अब्दुल खबीर, हरगोविंद पांडेय, मनीष सिंह, मो. सलीम अजीत मौर्य, रईस खान, अनिल मौर्य, मिथिलेश जायसवाल, दुर्गेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सपा कार्यालय में मनाई वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा में हिंदू धर्म की रक्षक और महिला सशक्तिकरण की प्रबल हस्ताक्षर महान वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्म जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यालय में उनके चित्र पर माला फूल अर्पित कर मुंह मीठा कर प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नि.वर्तमान जिलाध्यक्ष मसूदन कुशवाहा




ने किया मुख्य अतिथि के रूप में नि.वर्तमान प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ बाला पाल रहे कार्यक्रम में सभी लोगों ने महान वीरांगना अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला बाबा वाहिनी की नि.वर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन दिवाकर ने अपने विचार में अहिल्याबाई होल्कर जी को महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण बताया। नि.वर्तमान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रामलाल प्रजापति ने अहिल्याबाई होलकर जी के द्वारा किए गए कार्यों को सराहा,छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा ने अपने विचारों में अहिल्याबाई होल्कर जी को महान देवी बताया और कहा उत्तर से दक्षिण तक काशी विश्वनाथ, मथुरा, सोमनाथ, गया, बद्रीनाथ आदि मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जो आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए थे। कुंआ, तालाब पोखरों का भी निर्माण कराया। कार्यक्रम का कुशल संचालन नंदकिशोर यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित शिवकरण पाल, एजाज खान, प्रमोद गुप्ता राजा, लालमन यादव, शनि गुप्ता, रामबाबू वर्मा, जुगुल जाटव, पुष्पेंद्र चुनपले, राजबहादुर कुशवाहा, मुन्ना पटेल, द्वारिका यादव, अवध बिहारी यादव, इरफान खान, कुतैबा जमा, मुशीर फारूकी, नेतराम वर्मा, विक्रम सिंह आर्य, मोरध्वज खुराना, आरके समुद्र, रोहित प्रजापति, सुनील कुशवाहा आदि दर्जनों नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

## - संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन, समाजसेवा और नारी सशक्तिकरण पर डाला प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय नगर पालिका में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं .तित्व को याद किया तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर मालवा क्षेत्र की एक विनम्र, उदार और न्यायप्रिय शासिका थीं। वे महान शिवभक्त होने के साथ–साथ समाज सुधारक भी थीं। उन्होंने गरीबों, जरूरतमंदों और असहाय लोगों के कल्याण के लिए अनेक कार्य किए तथा जनसेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर मंदिरों, घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण कराया।



काशी विश्वनाथ मंदिर और सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके द्वारा कराए गए जनकल्याणकारी कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने महिला शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए जीवनभर कार्य किया। उनका संपूर्ण जीवन मानवता, सेवा और समाज उत्थान के लिए समर्पित रहा, जिसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाता रहेगा। संगोष्ठी को पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, प्रशांत तिवारी, अमित त्रिपाठी अंबुज, संजय दोहरे, अवनीश वर्मा और आसिफ जादरान सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर सरवर अली, .पाराम राजपूत, प्रदीप द्विवेदी, आनंद कुमार वर्मा, मनीष मिश्रा, असित यादव, मलावती राजपूत, हमजा, अमन तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिल्ली पहुंची किसानों की आवाज, गन्ना आदेश का मसौदा वापस

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 के मसौदे को वापस लेने के निर्णय का भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने स्वागत किया है। संगठन ने इसे गन्ना किसानों और गुड़–खंडसारी उद्योग से जुड़े लोगों के हित में लिया गया महत्वपूर्ण फैसला बताया है। भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों का कहना है कि संगठन ने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के समक्ष प्रस्तावित आदेश को लेकर किसानों की चिंताओं को प्रमुखता से उठाया था। इसके साथ ही देशभर से किसानों ने ईमेल और अन्य माध्यमों से अपने सुझाव सरकार तक पहुंचाए। जनपद से भी संगठन के माध्यम से करीब दो हजार किसानों ने अपने सुझाव भेजे थे। संगठन ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से भी मुलाकात की गई थी, जिसमें किसानों और गुड़–खंडसारी उद्योग से जुड़ी आशंकाओं को उनके समक्ष रखा गया। बाद में इन चिंताओं को प्रधानमंत्री के समक्ष भी पहुंचाया गया। सरकार द्वारा प्राप्त सुझावों और आपत्तियों की समीक्षा के बाद यह महसूस किया गया कि प्रस्तावित आदेश पर और व्यापक विचार–विमर्श की आवश्यकता है। इसी के चलते फिलहाल मसौदे को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। भाकियू अराजनैतिक ने इसे किसानों की एकजुटता और संवाद का सकारात्मक परिणाम बताया है।

# बिजली संकट पर ग्रामीणों में दिख रहा आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो/डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ तहसील क्षेत्र के कटघर पावर हाउस अंतर्गत आने वाले गांवों में बिजली व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते 13 मई को आई भीषण आंधी और तूफान के बाद से



चरमराई बिजली व्यवस्था अब तक पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी है कर्मचारी ट्रांसफार्मर नीचे रख के चले गए जो अभी तक नीचे रखा हुआ हैं कोई देखने नहीं आया है। आरोप है कि बिजली लाइन ठीक करने पहुंचे कुछ कर्मचारी ग्रामीणों से अवैध वसूली कर रहे हैं और जहां पैसा नहीं मिलता, वहां कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। मामला डलमऊ क्षेत्र के बड़ी बाग भगवल बुजुर्ग गांव का है, जहां ग्रामीणों का कहना है कि तेज आंधी और तूफान के कारण बिजली के पोल, तार और अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के नाम पर कर्मचारियों द्वारा धन की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि जिन लोगों द्वारा पैसे दिए जा रहे हैं, वहां अपेक्षा.त जल्दी कार्य किया जा रहा है, जबकि अन्य स्थानों पर समस्या जस की तस बनी हुई है। रविवार को बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई तथा कथित अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी, तो सोमवार को अधिशासी अभियंता कार्यालय डलमऊ में धरना–प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से गांव में शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

# एराज शिशु मां सुरक्षा (एसएमएस) योजना का हुआ शुभारंभः अब सिजेरियन डिलीवरी भी होगी मुफ्त

लखनऊ। मातृ–शिशु मृत्यु दर पर लगाम लगाने और संस्थागत व सुरक्षित प्रसव व्यवस्था को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एरा लखनऊ मेडिकल कॉलेज में श्एराज शिशु मां सुरक्षा (एसएमएस)श योजना का शनिवार को औपचारिक शुभारंभ हुआ। एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली मेहदी ने इस कल्याणकारी योजना का उद्घाटन किया। इस योजना का मुख्य लक्ष्य गरीब और असहाय वर्ग की गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल की तरफ आकर्षित करना है, ताकि देश की नारी शक्ति और भविष्य दोनों सुरक्षित रह सकें। योजना के मुख्य लाभ और विशेषताएँ इस विशेष योजना के तहत मरीजों को निम्नलिखित सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क मिलेंगी निःशुल्क सिजेरियन प्रसवरू एरा मेडिकल कॉलेज में सामान्य (नॉर्मल) डिलीवरी पहले से ही मुफ्त थी, लेकिन अब जटिल परिस्थितियों में होने वाली सिजेरियन डिलीवरी को भी पूरी तरह निशुल्क कर दिया गया है संपूर्ण चिकित्सा खर्चरू प्रसव के दौरान महिला और नवजात शिशु



की दवाइयाँ, सभी प्रकार की जाँचें, डॉक्टरों की फीस और अस्पताल में रहने–खाने का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा आर्थिक सहायता और बेबी किटरू अस्पताल से छुट्टी (डिस्चार्ज) के समय प्रसूता महिला को 2500 रुपये की नकद आर्थिक सहायता और एक बेबी केयर किट दी जाएगी। इस किट में शिशु के पालन–पोषण से जुड़ी सभी आवश्यक सामग्रियां शामिल होंगी ताकि घर लौटने पर भी उन्हें कोई असुविधा न हो। सेवा भाव और सामाजिक प्रतिबद्धता कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली मेहदी ने कहा कि देश में मातृ–शिशु मृत्यु दर को कम करना एक बड़ी चुनौती है, जिसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकारें लगातार प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाल ही में संस्थागत प्रसव को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए एरा मेडिकल कॉलेज ने इस योजना को लागू किया है आमतौर पर निजी अस्पतालों की नजर लोगों की जेब पर होती है, लेकिन हमारी योजनाएं पूरी तरह गरीबों पर केंद्रित हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसी सरकारी योजना का लाभार्थी होना भी अनिवार्य नहीं है; गरीब और मध्यम वर्ग का कोई भी परिवार इसका सीधा लाभ ले सकता है। प्रो. अब्बास अली मेहदी चिकित्सा जगत में एरा की अनूठी पहल विश्वविद्यालय की उपकुलपति डॉ. फरजाना मेंहदी और प्रिंसिपल डॉ. जमाल मसूद ने बताया कि एरा ऐसा कदम उठाने वाला देश का पहला निजी संस्थान बन गया है। वहीं डीन डॉ. एम. एम.ए. फरीदी ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (छथ्भ्–6) के सकारात्मक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में संस्थागत डिलीवरी की दर 85: से बढ़कर 90: हो गई है। ऐसे में श्एसएमएसश योजना इन आंकड़ों को और बेहतर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के अंत में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. एस.पी. जयसवार ने योजना को मातृ स्वास्थ्य के लिए क्रांतिकारी बताया और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ब्रिगेडियर सुराजित बासु ने सभी डॉक्टरों, फैकल्टी सदस्यों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्तिः महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बकेवर पुलिस द्वारा क्षेत्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं आमजन को विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं तथा साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान थाना



बकेवर पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया। साथ ही पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव के प्रति विशेष रूप से जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। पुलिस टीम ने ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की भी अपील की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को जागरूकता संबंधी पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों एवं सरकारी सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को लेकर इटावा पुलिस लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है, ताकि महिलाएं स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें और किसी भी आपात स्थिति में उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकें। यह संस्करण समाचार पत्र प्रकाशन के लिए उपयुक्त शैली में तैयार किया गया है।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूजा कसाना का शपथ ग्रहण समारोह आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर। मीरानपुर कटरा नगर पंचायत में हुए उपचुनाव में विगत 7 मई को पूजा कसाना ने भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता को हराकर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की थी। नवनिर्वाचित पूजा कसाना की शपथ अभी




तक नहीं हो सकी थी। अब प्रशासन ने शपथ ग्रहण को तिथि निर्धारित कर दी है। एक जून को सांय 4 बजे खुदागंज रोड स्थित न्यू शान मैरिज लॉन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। शपथ ग्रहण के आयोजन की घोषणा से समर्थको में भारी हर्षोल्लास छाया हुआ है। शपथ ग्रहण के आयोजन की भव्य तैयारी की जा रही है। जिसमें प्रदेश सरकार अपना दल एस के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को भी निमंत्रण दिया गया है। इस दौरान उपचुनाव की आचार संहिता लागू होने से शासन द्वारा नामित सभासदों की शपथ भी नहीं हो सकी थी। अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम ने बताया कि नामित सभासदों की शपथ अध्यक्ष के साथ नहीं होगी उनके शपथ के लिए अन्य निर्धारित की जाएगी।

## नशे में वाहन चलाने वालों पर शिकंजा, 38 वाहनों पर कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष ड्रंक एंड ड्राइव अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन



चलाने वाले चालकों समेत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय के पर्यवेक्षण में 29/30 मई की रात्रि को जनपद के विभिन्न टोल प्लाजाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिंदपुर टोल प्लाजा पर क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव की मौजूदगी में यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक बृजेन्द्र कुमार राय एवं यातायात पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की। वहीं बड़ौरी टोल प्लाजा पर टीएसआई लालजी सविता तथा काटोघन टोल प्लाजा पर खागा सीसी टीम प्रभारी .ष्ण कुमार यादव एवं टीएसआई रामानंद ने चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की। अभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए विभिन्न वाहन चालकों के खिलाफ 20 ई–चालान करते हुए दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट के मालवाहक वाहनों पर भी कार्रवाई करते हुए 18 ई–चालान किए गए और 1.40 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## कोटेदार पर कम तौलकर राशन वितरण का आरोप

### – मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। भिटौरा विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जगतपुर आदिल में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए। गांव निवासी शिवम दिवाकर पुत्र रामचन्द्र दिवाकर ने उचित दर विक्रेता शिवसहाय पर कम तौलकर राशन वितरण करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता शिवम दिवाकर का आरोप है कि कोटेदार द्वारा राशन वितरण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक कांटे अथवा मानक बाटों का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि बाल्टी के माध्यम से राशन तौला जाता है। इससे लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा से कम राशन मिल रहा है। आरोप लगाया कि इस व्यवस्था के कारण गांव के कई राशन कार्ड धारकों को नियमित रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह प्रक्रिया सार्वजनिक वितरण प्रणाली के निर्धारित नियमों के विपरीत है। पात्र लाभार्थियों के अधिकारों का हनन करती है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने, राशन वितरण में कम तौल की शिकायतों की सत्यता की जांच करने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित कोटेदार के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## नोएडा से कुशीनगर तक निकले साइकिल यात्री का स्वागत

### – रक्तदान व मानसिक स्वास्थ्य के संदेश को जन–जन तक पहुंचा रहे अतुल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व का संदेश जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नोएडा निवासी युवा समाजसेवी अतुल सिंह ने एक अनूठी साइकिल यात्रा शुरू की है। यह यात्रा नोएडा से प्रारंभ होकर दिल्ली, मेरठ, लखनऊ, कानपुर होते हुए षहर पहुंची, जहां विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अतुल सिंह ने बताया कि रक्तदान को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करना



उनके अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने अब तक देश के 23 राज्यों में रक्तदान कर एक मिसाल कायम की है। इनमें उत्तर प्रदेश, नागालैंड, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पांच और राज्यों में रक्तदान का लक्ष्य पूरा करने के लिए यह साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इसके माध्यम से वह लोगों को यह संदेश दे रहे हैं कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कॉर्पोरेट सेक्टर, प्रतियोगी परीक्षाओं और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण युवाओं में मानसिक तनाव तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाना भी इस अभियान का अहम उद्देश्य है। यात्रा के दौरान वह युवाओं से संवाद कर उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर फाइट फॉर हंगर से संजय श्रीवास्तव, देव गुप्ता, पियूष गुप्ता, सैंडी गुप्ता एवं सोनाक्षी, सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से गुरमीत सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, ऋषि सागर, आयुष मौर्य, हंसिका एवं उमैर अजमल, मानस रक्तकेंद्र से अमन यादव, अनामिका, अंजली, विष्णु और अनुज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## होनहारों ने सेना में लहराया परचम, सम्मान समारोह में गूंजीं बधाइयां

### - जीएस डिजिटल लाइब्रेरी के छात्रों का वायुसेना और थलसेना में चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां कस्बे की प्रतिभाओं ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन का लोहा मनवाया है। जीएस डिजिटल लाइब्रेरी में अध्ययनरत तीन मेधावी छात्रों के भारतीय वायुसेना एवं थलसेना में चयन होने पर रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीरू सिंह ने की। सम्मानित होने वाले छात्रों में गाजीखेड़ा निवासी निखिल सिंह, जिनका चयन भारतीय वायुसेना और थलसेना में हुआ है, जबकि मुंजवाखेड़ा निवासी अजय सिंह तथा इब्राहिमपुर निवासी नितेश सिंह भदौरिया का चयन भारतीय थलसेना में हुआ है। तीनों छात्रों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल है। वक्ताओं ने कहा कि इन युवाओं ने साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो



और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो छोटे कस्बों से भी बड़ी सफलताएं हासिल की जा सकती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ और समाजसेवी दशरथ सिंह ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अध्यक्षता कर रहे बीरू सिंह ने कहा कि यह सफलता केवल तीन छात्रों की नहीं, बल्कि पूरे मलवां कस्बे और जीएस डिजिटल लाइब्रेरी की उपलब्धि है। उन्होंने युवाओं से इन छात्रों से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा कि देश के युवाओं में अपार क्षमता है। सेना में चयनित होकर इन छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के विद्यार्थी भी बड़े सपने देख सकते हैं और उन्हें साकार कर सकते हैं। लाइब्रेरी संचालक सिद्धार्थ सिंह ने सभी का आभार जताया। समारोह में यथार्थ सिंह, सौरभ, विशाल, अमित पटेल, अंशु सहित बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गाजीपुर में धर्मातरण रैकेट पर शिकंजा, प्रार्थना सभा में छापा

### - पिता-पुत्र पर गंभीर आरोपों से मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर कस्बे में रविवार को कथित धर्मांतरण की सूचना पर हुई पुलिस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल



गई। प्रार्थना सभा के नाम पर संचालित एक कार्यक्रम में पुलिस ने छापेमारी करते हुए महिला, पुरुष और बच्चों समेत करीब डेढ़ दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मौके से ईसाई धर्म से संबंधित साहित्य भी बरामद होने की बात सामने आई है। मामले में स्थानीय लोगों ने गाजीपुर निवासी सूरज गुप्ता और उनके पिता सुरेश गुप्ता पर लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोप लगाए हैं। जनसेवक धर्मेंद्र सिंह को लंबे समय से क्षेत्र में चल रही गतिविधियों की सूचना मिली थी। शिकायत के बाद वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां एक मकान में प्रार्थना सभा चल रही थी। पुलिस को मौके पर बड़ी संख्या में लोग मिले, जिनमें महिलाएं, पुरुष और छोटे बच्चे भी शामिल थे। पूछताछ के दौरान कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से यहां बुलाया जाता था और वे काफी समय से इन सभाओं में शामिल हो रहे थे। स्थानीय लोगों का दावा है कि संबंधित मकान में लगभग एक वर्ष से लगातार प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही थीं। वहीं क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि सूरज गुप्ता और उनके पिता सुरेश गुप्ता लंबे समय से इस प्रकार की गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। आरोप है कि सीधे–साधे और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता था। मामले को लेकर क्षेत्र के बंवारा गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने गाजीपुर थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छापेमारी के दौरान मिले साहित्य और अन्य तथ्यों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। घटना सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों, बरामद साहित्य और पूछताछ के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गिहार समाज को मिला नया नेतृत्व, राजेश गिहार बने प्रदेश अध्यक्ष

### - समाज को जनजाति का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष तेज होगा : ओम प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय आदिवासी गिहार महासभा की बुन्देलखंड स्तरीय बैठक रविवार को शहर के एक मैरिज हाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलेदार सिंह व संचालन रामबाबू गिहार ने किया। बैठक में समाज के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से राजेश गिहार को महासभा का नया प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन की घोषणा होते ही उपस्थित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश गिहार ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास और उन्नति की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने के लिए संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष राजेश गिहार को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। बैठक के दौरान समाज के हितों, संगठन के विस्तार, युवाओं की भागीदारी, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक अधिकारों से जुड़े लगभग आठ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन को मजबूत बनाने व समाज की आवाज को शासन–प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए कई प्रस्ताव भी पारित किए गए। इस अवसर पर हंसराज गिहार, बीरन गिहार, रामबाबू उर्फ गुड्डू गिहार, जयपाल गिहार, गुड़िया गिहार, लाल सिंह गिहार, विशुन गिहार, देवटानी गिहार, आर्मन



जिलेदार सिंह, रामशंकर गिहार, सोनू भारती गिहार, धर्मेन्द्र गिहार, अजय सिंह गिहार उर्फ बाबा, नवीन गिहार, जयचन्द्र गिहार, गिहार, रामसिंह गिहार, विशुनलाल गिहार, विजय गिहार, मनीष गिहार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अवैध खनन व परिवहन पर प्रशासन सख्त, कंट्रोल रूम स्थापित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में उपखनिजों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन द्वारा जनपद, तहसील और थाना स्तर पर टास्क फोर्स टीमों का गठन किया गया है, जो लगातार सक्रिय रहकर अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद में अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए संबंधित विभागों एवं टास्क फोर्स टीमों को प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध खनन एवं परिवहन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय कलेक्ट्रेट में 24 घंटे संचालित होने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नागरिक लैण्डलाइन नंबर 05180–298632 तथा सीयूजी नंबर 9454417876 पर किसी भी समय शिकायत दर्ज करा सकते हैं या सूचना दे सकते हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध खनन या उपखनिजों का अवैध परिवहन होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दें। प्राप्त सही सूचना पर जनपदीय, तहसील स्तरीय एवं थाना स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी भूमि पर कब्जे का प्रयास, प्रशासन ने रुकवाया कार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। ऐरायां विकास खंड की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर घोष के मजरे उसरहा का पुरवा में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। गाटा संख्या 827 (ख), क्षेत्रफल लगभग 1400 वर्ग मीटर, खेल मैदान, राजस्व अभिलेखों में आबादी एवं सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। बताया जा रहा है कि पिछले एक सप्ताह से कुछ लोगों द्वारा उक्त भूमि पर पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का निरीक्षण किया तथा स्थानीय थाना पुलिस को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। ग्रामीणों के अनुसार गाटा संख्या 827 के खंड क, ख एवं ग तीनों भाग सरकारी भूमि के रूप में दर्ज हैं। आरोप है कि पिछले कुछ सप्ताह से कई लोगों द्वारा भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। फिलहाल राजस्व विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## करंट की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम दतौली में रविवार की सुबह फर्राटा पंखा बंद करने के लिए उठी 69 वर्षीय वृद्ध महिला करंट की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दतौली गांव निवासी स्व0 राम प्रकाश सिंह की पत्नी कुसुम देवी ने रोज की भांति सुबह उठकर जैसे ही फर्राटा पंखा बंद करना चाहा वैसे ही वह करंट की चपेट में आ गई। जिससे घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतका के परिजनों में मातम छा गया।

## ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के शांतीनगर जीटी रोड में रविवार की भोर पैदल जा रहे 35 वर्षीय युवक को पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के पीरनपुर मुहल्ला निवासी अब्दुल अजीज का पुत्र रईस रविवार की भोर लगभग पांच बजे पैदल टहलने निकला था। बताते हैं कि जब वह शांतीनगर एक निजी अस्पताल के सामने जीटी रोड पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक भाग जाने में सफल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई इस्माइल ने दी।

## सर्पदंश से युवती की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में रविवार की सुबह घर के बाहर बैठी 19 वर्षीय युवती को जहरीले सर्प ने डस लिया। इलाज के लिए परिजन हथगाम सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव निवासी रामू की पत्नी रूपा देवी रविवार की सुबह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो पहले उसे हुसैनगंज सीएचसी लाए और बाद में घर वाले उसे हथगाम सीएचसी ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सड़क हादसों में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के फरीदाबाद टिकरी गांव निवासी नागेन्द्र का 23 वर्षीय पुत्र अनुराग सिंह शनिवार की रात लगभग दस बजे बाइक से रिश्तेदारी में घर आ रहा था तभी बहुआ रोड पर गिरे पेड़ से टकरा गया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव निवासी बाबूलाल का 20 वर्षीय पुत्र कृष्णपाल बाइक से थाने के मनावा गांव गया था। वापस लौटते समय जैसे ही वह मनावा गांव पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर गिर जाने से घायल हो गया। इसी तरह थरियांव थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव निवासी भोला का 45 वर्षीय पुत्र राम सिंह बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था तभी मंझिल चौकी के पास चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## बेशकीमती भूमि पर कब्जा कर रहे ग्रामीण

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। ऐरायां विकास खंड अन्तर्गत धनकामई ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण ग्रामीण कर रहे हैं। कोई अधिकारी कर्मचारी देखने नहीं आ रहे हैं। गाटा संख्या 859 की ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर देर रात्रि में निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक हल्का लेखपाल, स्थानीय पुलिस तथा ग्राम प्रधान द्वारा निर्माण कार्य रोकने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद आरोपितों ने काम बंद नहीं किया। मामले की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मौके पर निर्माण कार्य रुकवाया, लेकिन पुलिस टीम के लौटते ही पुनः चोरी–छिपे निर्माण शुरू कर दिया गया। बताया जा रहा है कि धनका मई गांव निवासी रोशन लाल पुत्र देवराज एवं देवेंद्र पुत्र रोशन द्वारा काली सड़क से जुड़ी ग्राम समाज की बेशकीमती भूमि पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन के मना करने के बाद भी देर रात तक निर्माण कार्य जारी रखा गया। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर ग्राम समाज की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। थानेदार टीबी सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस भेजी गई है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )